बर्षः- 06
अंकः- 78
मुरादाबाद
(Wednesday)
08 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भारत-इंडोनेशिया के बीच EVM-UPI और ब्रह्मोस मिसाइल पर करार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया में दोनों देशों की साझा संस्कृति को ताकत बताया। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ एक साझा वक्तव्य के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को भी याद किया। पीएम मोदी ने वैश्विक तनाव के बीच भारत-इंडोनेशिया की साझा ताकत को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM), ब्रह्मोस मिसाइल



और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने समझौतों और द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों की साझा संस्कृति को ताकत बताया। ईवीएम से जुड़े मुद्दे पर बनी सहमति के मुताबिक दोनों देशों ने अनुकूलित भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के निर्यात पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।पीएम मोदी के इंडोनेशिया दौरे परU EVM से जुड़ा क्या समझौता हुआ?-प्रधानमंत्री के दौरे पर समझौतों के बारे में समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया, भारत इंडोनेशिया के लिए विशेष EVM के विकास में सहयोग करेगा। यह भारत के चुनाव प्रबंधन मॉडल को बड़े समर्थन की तरह देखा जा रहा । ब्रह्मोस मिसाइलों के भंडार पर क्या सहमति बनी? ईवीएम के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच अहम समझौते हुए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारत की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल शक्ति की सफलता के बाद, इंडोनेशिया ने भारतीय अस्त्र मिसाइलों का आयात करने का निर्णय लिया है। इंडोनेशिया अपने ब्रह्मोस मिसाइलों के भंडार का विस्तार कर रहा है। भारत अधिक बैटरी मुहैया कराने में सहयोग करेगा।दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण खनिजों और इस्पात क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखलाओं को और मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। स्टेनलेस स्टील और दुर्लभ-पृथ्वी चुंबकों के संबंध में कंपनियों के बीच नई साझेदारी बन रही है। भारत का यूपीआई इंडोनेशिया की भुगतान प्रणाली के साथ एकीकृत होने वाला है। इससे कारोबार करने और यात्रा करने में आसानी को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच यूपीआई का एकीकरण होने से संबंध और मजबूत होंगे। भारत-इंडोनेशिया के बीच बड़े समझौतों में प्रमुख क्या? विशेष ईवीएम विकसित करने में सहयोग करेगा भारत। इंडोनेशिया की भुगतान प्रणाली के साथ एकीकृत होगा भारत का यूपीआई। भारत से अस्त्र मिसाइलों का आयात करेगा इंडोनेशिया।

ब्रह्मोस के भंडार का विस्तार कर रहा इंडोनेशिया, भारत बैटरी मुहैया कराएगा। गुरुदेव टैगोर को याद कर क्या बोले पीएम मोदी?- पीएम मोदी ने राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ एक साझा वक्तव्य के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को भी याद किया। पीएम मोदी ने वैश्विक तनाव के बीच भारत-इंडोनेशिया की साझा ताकत को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की इंडोनेशिया की ऐतिहासिक यात्रा की शताब्दी बड़े उत्साह के साथ मनाएंगे। महान शिक्षाविद् और इंडोनेशिया के पहले शिक्षा मंत्री, देवान्तारा ने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शिक्षा पर उनके विचार गुरुदेव टैगोर के दर्शन से बहुत प्रभावित थे। इसलिए, भारत और इंडोनेशिया इस शताब्दी वर्ष को %टैगोर-देवान्तारा सांस्कृतिक और शैक्षिक कूटनीति वर्ष% के रूप में मनाएंगे। सांस्कृतिक और शैक्षिक कूटनीति पर पीएम मोदी का रुख क्या?-बकौल पीएम मोदी, कल यानी बुधवार को राष्ट्रपति प्रभाओ के साथ योग्याकार्ता में प्रंबानन मंदिर के संरक्षण परियोजना का शुभारंभ किया जाएगा। एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रंबानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी है कि महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए, भारत इंडोनेशिया में स्टील, निकल और दुर्लभ-पृथ्वी स्थायी चुंबकों के निर्माण में निवेश करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कैशलेस इलाज योजना और पौधरोपण अभियान को मेगा इवेंट बनाएगी सरकार, संगठन के साथ मिलकर होंगे आयोजन

योगी सरकार कैशलेस इलाज योजना और पौधरोपण अभियान को मेगा इवेंट बनाने की तैयारी में है। सरकार और संगठन मिलकर इसका आयोजन करेंगे। सीएम ने मंत्रियों-विधायकों को क्षेत्रों में रहने के निर्देश दिए हैं। 8 जुलाई को शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया जाएगा। 12 जुलाई को प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान चलेगा।उत्तर प्रदेश सरकार अपनी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संगठन के साथ मिलकर अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में मंत्रिपरिषद की बैठक में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आठ जुलाई को वाराणसी में शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना के शुभारंभ और 12 जुलाई के पौधरोपण अभियान को प्रदेशभर में मेगा इवेंट के रूप में आयोजित किया जाए। सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में तथा विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों में संगठन पदाधिकारियों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।प्रशासनिक बाधाओं के समाधान की निगरानी करें-सरकार का लक्ष्य है कि योजना की जानकारी प्रदेश के प्रत्येक पात्र शिक्षक तक पहुंचे। लागू होने के बाद अपने क्षेत्रों में बैठकें कर पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण और प्रशासनिक बाधाओं के समाधान की निगरानी करें।

## योगी का हमला: रामभक्तों पर गोलियां चलवाने पर आस्था आहत नहीं हुई थी, वक्फ पर कांग्रेस-सपा के मुंह पर फेविकोल

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस दावा करती थी कि भगवान राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था, या भगवान कृष्ण कभी हुए ही नहीं। देखिए, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी-जिन्होंने कभी अयोध्या में बाबरी ढांचे का समर्थन किया था और उस पर मगरमच्छ के आंसू बहाए थे, कैसे गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज विधान सभा इलाकों में 384 करोड़ से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास सिर्फ़ दो ही मुद्दे बचे हैं। आपने देखा होगा कि हाल के दिनों में उन्होंने भारत की सनातन आस्था पर हमला करने की कैसी शरारतपूर्ण कोशिशें की हैं। कांग्रेस दावा करती थी कि भगवान राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था, या भगवान कृष्ण कभी हुए ही नहीं। देखिए, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी-जिन्होंने कभी अयोध्या में बाबरी



ढांचे का समर्थन किया था और उस पर मगरमच्छ के आंसू बहाए थे, कैसे गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया, और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं। उन्हें आस्था के बारे में बात करने का क्या हक़ है, वे लोग जो हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए रखे गए पैसे को कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने में खर्च कर देते थे वे किस तरह की आस्था की बात कर रहे हैं? यह देश अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के जाल में नहीं फंसेगा।

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रतापगढ़ आज से 9-10 वर्ष पहले पिछड़े जनपदों में गिना जाता था। लोग कहते थे कि प्रतापगढ़ में कुछ नहीं होगा, कनेक्टिविटी नहीं है, बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, सड़कें नहीं हैं, आवागमन के साधन नहीं है। लोग हतोत्साहित थे। लेकिन आज कोई व्यक्ति हतोत्साहित नहीं है। आज सरकार का प्रोत्साहन है तो उसके मन में उत्साह है। उज्जवल भविष्य की आशा है। 2017 से पहले इस प्रदेश में इसी प्रोत्साहन का अभाव था, 2014 से पहले इस देश में भी इसी प्रोत्साहन का अभाव था।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: पहले 500 रुपये के एक-दो नोट, फिर बड़ी रकम, निगरानी में ढिलाई का फायदा; एक और अहम खुलासा

राम मंदिर में दान की चोरी करने वाले आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। नौकरी मिलने के दो माह बाद ही छह कर्मचारियों ने चोरी करना शुरू कर दी थी। ड्यूटी खत्म होने पर आरोपी नकदी को कपड़ों में छिपाकर बाहर ले जाते थे। आरोपियों ने तीन करोड़ रुपये तक की चोरी करने की बात स्वीकार की है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच में एक और अहम पहलू सामने आया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि काउंटिंग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी कई बार प्रभावी ढंग से नहीं होती थी। आरोप है कि कंट्रोल रूम में कई बार कोई मौजूद नहीं रहता था और मॉनिटरिंग में लापरवाही रहती थी। इसी कमजोरी का फायदा उठाकर आरोपी गणना के दौरान नोट निकाल लेते थे। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपियों से पुलिस ने रविवार को छह घंटे तक पूछताछ की है। इस दौरान आरोपियों ने बताया कि ट्रस्ट में नौकरी मिलने के दो-तीन महीने बाद ही छह कर्मचारियों ने चोरी शुरू कर दी थी। शुरुआत में वे 500 रुपये के एक-दो नोट कपड़ों में छिपाकर ड्यूटी खत्म होने पर बाहर ले जाते थे। किसी के पकड़े न जाने पर उनका हौसला बढ़ता गया और बाद में नोटों की गड्डियां और फिर बड़ी रकम निकालने लगे।पूछताछ में आरोपियों ने सामूहिक रूप से करीब दो से तीन करोड़ रुपये तक की चोरी करने की बात स्वीकार की है। जांच में यह भी सामने आया है कि सात आरोपियों ने चोरी के पैसों से संपत्तियां खरीदीं। कुछ संपत्तियां अयोध्या के बाहर भी खरीदी गई हैं।गिरफ्तारी के बाद भी बरामदगी का दावा- सूत्रों के अनुसार ट्रस्ट की ओर से चार और पांच जून के आसपास आरोपियों के ठिकानों से करीब 79 लाख रुपये नकद और चोरी के आभूषण बरामद कराए गए थे। इसके अलावा गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर अतिरिक्त नकदी भी बरामद होने की जानकारी सामने आई है। आरोपियों के घर से कुछ जेवर भी मिले थे, जिनके सत्यापन



की प्रक्रिया चल रही है। जेवर की खरीद या उपहार आदि के साक्ष्य प्रस्तुत करने पर उन्हें परिजनों को लौटाए जाएंगे, नहीं तो चोरी के जेवर मानकर कार्रवाई में शामिल किया जाएगा।अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावा चोरी व गबन के मामले में विवेचक आशुतोष तिवारी ने तीन आरोपियों की सात दिन के लिए रिमांड की मांग की है। विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट में उन्होंने आरोपी लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा व करुणेश पांडेय को पुलिस अभिरक्षा (कस्टडी) में देने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। विशेष अभियोजन अधिकारी ने रिमांड प्रार्थना पत्र के बिंदुओं पर अदालत को बताया कि जेल में निरुद्ध आरोपियों ने विवेचक को बयान दिए हैं, जिनमें नए तथ्य आए हैं।इनकी सत्यता की जांच के लिए आरोपियों को पुलिस कस्टडी में सात दिन का रिमांड दिया जाना आवश्यक है। वहीं, आरोपियों की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नियुक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल डिप्टी चीफ ने कहा कि आज ही वह आरोपियों की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त हुए हैं। इस पर अदालत ने रिमांड प्रार्थना पत्र सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख नियत की है।शनिवार को मांगी थी बयान दर्ज करने की अनुमति- चढ़ावा चोरी मामले में विशेष अभियोजन अधिकारी के माध्यम से विवेचक ने जेल में निरुद्ध पांच आरोपियों से उनका बयान दर्ज करने के लिए शनिवार को अनुमति मांगी थी। इस पर कोर्ट ने जेल में जाकर बयान लेने के लिए अनुमति दी थी। दो जुलाई को विवेचक ने आरोपी अविनाश शुक्ला की 48 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मांगी थी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अदालत के विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा ने केवल 13 घंटे के लिए ही अनुमति दी थी। उस दौरान अविनाश के कब्जे से एक कार व कई आभूषण बरामद हुए थे। उसकी निशानदेही पर चढ़ावा चोरी की रकम के बंटवारे का स्थान भी चिह्नित किया गया था। सभी आरोपी 26 जून से जिला कारागार में निरुद्ध हैं।बैंक खातों के संचालन की नई व्यवस्था को मिली मंजूरी- राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में बैंक खातों के संचालन की नई व्यवस्था को भी मंजूरी दी गई है। अंतरिम व्यवस्था के तहत ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन को महामंत्री का कार्यभार सौंपा गया। उन्हें दो सहायक नियुक्त करने की अनुमति भी दी गई। अब बैंक खातों का संचालन कृष्ण मोहन, जगदीश आफले और चंदन राय संयुक्त रूप से करेंगे। अब तक राम मंदिर के ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र यह व्यवस्था देखते थे।वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने बैठक में मंदिर के प्रबंधन और संचालन प्रणाली को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़े सुधारों के संकेत दिए हैं। सोमवार को हुई न्यासी बैठक में ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि वर्तमान घटनाक्रम के बाद प्रबंधन एवं संचालन की पद्धति में मौजूद कमजोरियों को दूर करना प्राथमिकता होगी। ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि चढ़ावा गणना प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी की अनुशंसाओं के साथ-साथ स्वतंत्र विशेषज्ञों से भी परामर्श लिया जाएगा। विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर मंदिर की प्रशासनिक, वित्तीय और प्रबंधन व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। वकसित की जानी चाहिए जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न्यूनतम हो। इसी उद्देश्य से आधुनिक, कुशल और पारदर्शी प्रबंधन की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। पांच फरवरी 2020 को राम मंदिर ट्रस्ट का गठन और पहली बैठक हुई थी। तब से लेकर आज तक हर बैठकों का निर्देशन महासचिव के रूप में चंपत राय ही करते आए हैं, यह पहला अवसर रहा जब उनके बिना बैठक संपन्न हुई।

## एकेटीयू दीक्षांत समारोह: स्टार्टअप को प्रोत्साहन, 62537 छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री; 83 मेडल पाकर सम्मानित

राजधानी में एकेटीयू दीक्षांत समारोह में स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिला। मेधावियों को मेडल मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। राजधानी लखनऊ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का 24वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आईओसीएल के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी, विशिष्ट अतिथि प्राविधिक शिक्षा विभाग के मंत्री ई. आशीष पटेल और प्राविधिक शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव डॉ. एम.के शन्मुगा सुंदरम मौजूद



रहे।समारोह में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज (एकेजी), गाजियाबाद के बीटेक की छात्रा अंशिका राणा को चांसलर मेडल दिया गया। वहीं कमल रानी वरुण स्मृति स्वर्ण पदक एससी वर्ग में केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गाजियाबाद की बीटेक की छात्रा इशिका को दिया गया।कलाकार आशीष कंसारा को डिलिट की मानद उपाधि मिली- गुजरात के रोगन कला के कलाकार आशीष कंसारा को डिलिट की मानद उपाधि दी गई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने हस्तकला को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया है। सभी का आभार जताया। वहीं चांसलर मेडल अंशिका राणा एकेजी गाजियाबाद की छात्रा को दिया गया। कमल रानी वरुण मेडल इशिका, केआईईटी ग्रुप गाजियाबाद की छात्रा को दिया गया।

## संपादकीय Editorial

### The "inconclusive" case

Dr. Vikram Singh, former Director General of Police of Uttar Pradesh, and M.L. Sharma, former Special Director of the CBI, assess that the Ram Temple donation theft case is unlikely to reach a conclusion because the investigation being conducted is riddled with loopholes and questionable details. A very relaxed investigation is underway. A farce is being staged in the name of investigation. The crucial and questionable question is why the police have not sought the remand of the eight accused who have been sent to jail for 14 days of judicial custody again. If remand is not granted, how will the accused be interrogated and questioned? If interrogation is not conducted, how will the alleged perpetrators be recovered? How will the clues and network of the crime be uncovered? Recovery is only significant and legal if the accused confess and reveal where the stolen money, jewelry, etc. are kept and where the money has been invested. Unless this information is confirmed and verified, the crime cannot be proven. Both top police officers believe that the actions taken by the Trust, the concealment of the seizure of approximately 80 lakh rupees from the Special Investigation Team, and the filing of the FIR after 20 days, are so laden with loopholes that the investigation is unlikely to reach any conclusion. It is noteworthy that VHP International President Alok Kumar has revealed that on June 5th, the Ram Temple Trust itself conducted a preliminary investigation. Police assistance was sought, and a black bag containing approximately 5 lakh rupees in cash was recovered from the home of accused Avinash Shukla. However, on June 7th, Trust General Secretary Champat Rai Bansal denied any "theft," stating that nothing significant had occurred. Former Director General of Police Vikram Singh considers this an "illegal" interference by the Trust. On whose orders did the police participate in that raid? He questions why an FIR was not filed despite the seizure of money. In fact, we also believe that there was a gap of 20 long days between the initial seizure and the filing of the FIR on June 25th. During that time, the accused and their handlers may have destroyed evidence and disposed of the stolen money, and despite this, the Ayodhya police did not take the accused on remand. Obviously, the investigation will not be conclusive. Can such a sensitive and corrupt case of donation theft remain inconclusive? It is clear that much is being concealed at the trust level, and therefore, Champat Rai Bansal, Anil Mishra, and others also have an equal role in the crime! The police have also questioned Champat Rai and recorded his statement, but no FIR has been filed against him, nor has he been named as an accused. Why…? Surprisingly, the police raided the homes of eight accused. Cash, jewelry, and important documents are claimed to have been recovered.The accused's family members have also been questioned. Yet, why has the police not sought remand for the accused in court? Does the police know everything? Has the police gathered sufficient evidence? We believe this is a case of political pressure, protection of the accused, and collusion. The "big fish" must be afraid that these "small fish" might reveal the truth and get caught in the "crocodile" trap! It's also worth noting that the widespread and continuous theft at Lord Shri Ram's temple is still under investigation. However, Chief Minister Yogi Adityanath has raised the issue of the movement for the Shri Krishna Janmabhoomi temple in Mathura. An attempt has been made to implicate SP President Akhilesh Yadav in it. Could the theft of donations and offerings become a major issue in the 2027 assembly elections? The Ram Shilas, which were made of silver, should also be investigated. Along with the lamps and flowers, money was collected.

# Seasons and Folklore: How Did Our Ancestors Live in the Summer? What Was the Indian Tradition Like?

Our folk life deeply understood the cycles of nature and, instead of conquering the seasons, learned to live in harmony with them and put them into practice. This is why every festival in the Indian calendar is associated with some seasonal change, and every custom is dedicated to faith in nature. Today, the entire world is grappling with problems like climate change, heat waves, drought, water scarcity, and irregular rainfall. Scientists and environmentalists, engaged in finding solutions to these problems, are formulating new theories like climate adaptation, nature-based solutions, and sustainable living. But when we look back, India's folk life had already incorporated these principles centuries ago, embodying a deep connection with nature in its traditions of festivals, fasts, food, farming, and social behavior.

Our folk life deeply understood the cycles of nature and, instead of conquering the seasons, learned to live in harmony with them and put them into practice. This is why every festival in the Indian calendar is linked to some seasonal change, and every custom is dedicated to faith in nature. In India, religion and nature have never been separate; the understanding of nature itself has taken the form of religion. The sun, moon, rivers, ponds, mountains, trees, plants, rain, fire, air, and even the earth itself have all been revered. This veneration stems not from any supernatural fear, but from the deep realization that human existence depends on nature. On a hot summer afternoon, when the earth seems to be on fire, the heat waves sap the moisture from the body, and fields, forests, and humans alike become restless, awaiting the first drops of monsoon. Indian folk life not only endures the weather but also communicates with it. This dialogue is still visible in our folk traditions, fasts, festivals, and customs, despite the overwhelming influx of modernity. At first glance, these may appear to be mere religious beliefs, but they hold profound scientific implications for weather, health, water conservation, food security, and the environment. Today, as climate change lengthens summers, heat waves become commonplace, and rainfall cycles become erratic, it's time to understand these traditions from a new perspective.

During the intense heat of Vaishakh and Jyeshtha, in many parts of the country, an earthen pot (Jal Dhara) is placed to ensure a continuous drip of water onto the Shivalinga. Religiously, this is considered a cooling abhishekam for Lord Shiva, but it also embodies a sensitivity to nature. The water dripping from the earthen pot draws our attention to the need to use water judiciously. The earthen pot itself keeps water cool and offers an excellent example of water conservation. This tradition likely developed when people understood the importance of every drop of water. Similarly, on the occasion of Nirjala Ekadashi, the tradition of donating a bamboo or palm leaf fan, an earthen pot or glass, sugar or jaggery sherbet, sattu mixed with gram and other grains, cucumber, mango, water, and other cool items still exists today. If we look closely, all these items are part of a preparation to protect against the intense heat, which may have evolved into a tradition of giving to those in need during the summer.

Nirjala Ekadashi is a folk version of the Heat Action Plan. This tradition was not merely a means of earning merit; it was a way to convey to society that foods that keep the body cool during the scorching heat should be accessible to everyone. Even those without resources found relief through this community arrangement.

The social form of what we call the "Heat Action Plan" today existed in our villages centuries ago. The Judha Sheetal or Sheetal Puja, celebrated in Bihar, Jharkhand, and eastern India, is also an extension of this scientific thinking. On this day,

cold food prepared at night, including curd-chura, sweet rice, mango, sattu, and other cooling foods, is consumed. Water is sprinkled in homes, trees are watered, and the message of providing coolness to nature is conveyed. This food is not just for taste, but a traditional nutritional science that keeps the body balanced in the summer heat. Curd promotes beneficial bacteria in the body, chura is easily digestible, jaggery provides minerals, and mango is a source of instant energy. This festivity is not limited to spiritual satisfaction, but also a way of collective adaptation to the changing weather. The most accurate example of this is the 'Satuani' festival celebrated at the end of Chaitra month, which directly prepares the body for the intense heat. On this day,

sattu, mango tikole (raw aamiya) chutney, and water from a pitcher are consumed collectively. On Akshaya Tritiya (Akha Teej), which follows immediately after this, there is a tradition of donating earthen pots, sattu (sattu), barley, and melons.

This tradition is not only a means of earning religious merit, but also a unique social structure to ensure the availability of natural resources and cool food that provide relief from the heat to every section of society. Worshiping under the banyan tree and fanning oneself with a hand fan on the occasion of Vat Savitri Vrat is not merely a religious ritual. The banyan tree provides extensive shade, lowers the ambient temperature, and maintains a large amount of humidity. Sitting under the tree itself is a natural cooling system. The tradition of fanning demonstrates that the body can be cooled without expending energy.

Today, when air conditioners are further increasing the heat in cities, hand fans and the shade of trees seem to be more sustainable solutions. In Indian society, the seasonal consumption of foods like water from earthen pots, sattu, wood apple sherbet, mango panna, curd, buttermilk, lassi, barley, and rice is also a result of this environmental understanding. A rich tradition of seasonal eating habits, a folk understanding of the season, is still evident in some form or another throughout India.

In this context, these proverbs by Ghagh and Bhaddari reflect the common understanding of nutrition and are a nutritional system developed in accordance with the local climate.

Jaggery in Chaitra, oil in Baisakh, wood apple in Jethe, and vine in Ashadh. Neither greens in Sawan nor curd in Bhadon, nor bitter gourd in Kwar nor Kartik month. Cumin in Agahan, coriander in Poose, sugar candy in Maghe, and gram in Phalgun.

The one who saves on these twelve meals, never visits the doctor.

Community participation is also an important aspect of folk traditions. Collectively, during the summer, setting up drinking water stalls for passersby, providing water for birds,

putting jaggery for ants, providing separate water for animals, and irrigating trees were considered religious duties. Today, when the existence of birds and wildlife is threatened due to climate change, these traditions become even more relevant. The most important aspect of these folk traditions is their "zero carbon" and completely local lifestyle. All the food items used in these festivals—such as sattu, mango panna, wood apple sherbet, barley, and buttermilk—are completely local. They require no refrigerators or heavy electricity to store or cool them, but instead utilize the traditional science of earthen pots and pitchers.

Today, when the entire world is looking for expensive and artificial ways to combat climate change and global warming, these centuries-old summer traditions offer a very practical and nature-friendly way to cool the body from within with minimal resources, without harming the environment.

Today, when the entire world is searching for a path to sustainable development, India's seasonal folk traditions, steeped in religious values, are not just a cultural heritage but can also serve as an inspiration for contemporary environmental policy. Our ancestors never dreamed of conquering nature; they learned to live in harmony with it. Perhaps this is why they linked festivals not to calendar dates but to the rhythms of the seasons, weaving them into stories and tales, imbuing them with religious significance and connecting virtue and sin so that society as a whole could seamlessly integrate into the fabric of nature.

If we forget these traditions, considering them relics of the past, we will not only lose our culture but also the philosophy of life that Indian civilization has learned to live in extraordinary harmony with nature over thousands of years. In these difficult times, this message of Indian folk life is most relevant: coexistence, not conflict, is the path to the future.

Unfortunately, modern lifestyles have relegated these traditions to mere rituals. As a result, we are moving away from the environmental and health knowledge inherent in them. If we understand these traditions from a scientific perspective, it becomes clear that they represent a complete way of life for living in harmony with the seasons.

Today, there is a need to view these folk traditions not as superstitions or rituals,

but as an Indian model of climate adaptation. Their scientific aspects should be taught in schools, the experiences of local communities should be documented, and traditional knowledge should be given its due place in modern climate policies.

If we re-understand these folk traditions as traditional climate knowledge, not just religious rituals, they can prove to be both inspiring and practical for addressing today's climate challenges. The greatest characteristic of Indian culture has been that it has not only considered the seasons as part of the calendar, but has made them the basis of a complete way of life.

Global efforts over the past five decades have demonstrated that solutions to climate challenges lie not only with cutting-edge technologies, but also in our seemingly simple traditions, which for centuries have worked to maintain a balance between humans, nature, and the seasons. Indian folk life, at every step, shows us that harmony with nature, not conquest, is the true path to sustainable development and a secure future.

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# प्रेम विवाह का खौफनाक अंत: पति दुबई गया तो देवर ने बनाया वीडियो, फिर तीन तलाक देकर घर से निकाला

महिला ने प्रेम विवाह के बाद पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न, देवर द्वारा दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सीओ के आदेश पर पति, देवर व अन्य ससुराल वालों सहित नौ आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महिला ने प्रेम विवाह के बाद दहेज उत्पीड़न, देवर पर दुष्कर्म, जबरन गर्भपात कराने और तीन तलाक देने के आरोप में पति समेत नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मुहल्ला चक निवासी महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में उसने मुरादाबाद निवासी मुहम्मद फईम से परिवार की इच्छा के विरुद्ध प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद ही पति, सास, ससुर, जेठ और देवर दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2023 में पति के दुबई चले जाने के बाद उसके देवर ने बाथरूम में नहाते समय उसका वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे दिल्ली के एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। महिला का यह भी आरोप है कि गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर ससुराल पक्ष ने जबरन गर्भपात करा दिया था।शिकायत के अनुसार, 16 मई को पति दुबई से लौटा और अपने साथ एक अन्य महिला को लाकर उससे निकाह करने की बात कही। विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट कर उसे घर में बंधक बना लिया था। 24 मई को कथित रूप से तीन तलाक देकर पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि सीओ के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति मुहम्मद फईम, देवर फैजी, वसीम, नदीम, जेठ तसलीम, नईम, सास मीना, ससुर मुहम्मद सलीम तथा निकहत नामक महिला के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म, मारपीट, आपराधिक धमकी, गर्भपात कराने और मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों का संरक्षण अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रामपुर का वो थप्पड़ कांड जिसने ली थी वकील की जान, अब कोर्ट में शुरू हुआ खूनी खेल का ट्रायल

रामपुर के जिला पंचायत कार्यालय में 11 फरवरी को वकील फारुख अहमद खान की हत्या के मामले में कोर्ट में ट्रायल शुरू हो गया है। क्लर्क असगर अली पर आरोप तय हो चुके हैं और मामले में 20 जुलाई को गवाही होगी।11 फरवरी को दिनदहाड़े जिला पंचायत में क्लर्क ने लाइसेंस पिस्टल से चलाई थी गोली घटना के विरोध में कई दिन हड़ताल पर रहे थे अधिवक्ता, हाईवे भी किया था जामशहर के चर्चित अधिवक्ता फारुख अहमद खान की हत्या के मामले में न्यायालय में ट्रायल शुरू हो गया है। इसमें 20 जुलाई को गवाही होगी। न्यायालय द्वारा अधिवक्ता की हत्या में जिला पंचायत के क्लर्क असगर अली पर आरोप तय किए जा चुके हैं। क्लर्क पर अधिवक्ता की हत्या का आरोप होने के कारण उसकी पैरवी करने के लिए कोई स्थानीय अधिवक्ता तैयार नहीं है। ऐसे में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा क्लर्क की ओर से पैरवी की जा रही है। डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल हेमंत जोशी ने बताया कि इस मामले में सोमवार को भी सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायालय के अवकाश पर होने के चलते गवाह नहीं आया। अब इस मामले में 20 जुलाई को सुनवाई होगी।हत्या की वारदात 11 फरवरी को जिला पंचायत में हुई थी। अधिवक्ता की पत्नी गोसिया जिला पंचायत में क्लर्क हैं। जिला पंचायत में ही स्थापना पटल पर नियुक्त लिपिक असगर अली की विलंब से आने को लेकर अधिवक्ता की पत्नी से कहासुनी हुई थी।पत्नी के फोन करने पर अधिवक्ता अपने साथी को लेकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। यहां उन्होंने हत्यारोपित असगर के तीन थप्पड़ जड़ दिए थे। इसके बाद दोनों के बीच हुई गुत्थमगुत्थी में लिपिक असगर ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर अधिवक्ता फारुख की हत्या कर दी थी। पेट में गोली लगने से असगर खुद भी घायल हो गया था। मृतक की पत्नी की ओर से असगर और अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महिला क्लर्क ने आरोप लगाया था कि अपर मुख्य अधिकारी के इशारे पर असगर ने उनके पति की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपित क्लर्क को जेल भेज दिया था। घटना के विरोध में अधिवक्ता कई दिन तक हड़ताल पर रहे थे। अधिवक्ताओं ने हाईवे भी जाम किया था। आसपास के जिलों में भी घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी कर क्लर्क के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। छह जून को न्यायालय ने क्लर्क पर आरोप तय कर दिए थे और मुकदमा ट्रायल पर आ गया है।

# तालीमी इदारों को निशाना न बनाए सरकार, आजम खान से तल्खी के बीच जौहर यूनिवर्सिटी के बचाव में उतरे सांसद मोहिबुल्ला नदवी

सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने आजम खान से तल्खी के बावजूद जौहर यूनिवर्सिटी पर हो रही कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि तालीमी इदारों को निशाना नहीं बनाना चाहिए और यह यूनिवर्सिटी सपा का ड्रीम प्रोजेक्ट है।सांसद नदवी ने जौहर यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई का विरोध किया। तालीमी इदारों को निशाना न बनाएं, यूनिवर्सिटी सपा का ड्रीम प्रोजेक्ट।- आजम खान की रिहाई की दुआ, 2027 में सरकार बदलने का दावा।आजम खान और सांसद मोहिबुल्ला नदवी के बीच अक्सर होने वाली जुबानी जंग से सपा दो खेमों में बंट गई है। इस गुटबाजी के बीच रविवार को सांसद ने आजम खान की हिमायत की। उनकी यूनिवर्सिटी को लेकर होने वाली कार्रवाई का विरोध जताया। सांसद ने सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में हुए एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत में जौहर यूनिवर्सिटी पर आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर कहा कि तालीमी इदारों को निशाना नहीं बनाना चाहिए। तालीमी इदारे सभी के लिए हैं। रामपुर में जौहर यूनिवर्सिटी की स्थापना बड़ी मेहनत से हुआ है, जिसका बाकी रहना जरूरी है। सरकार को इसमें कोई अड़चन नहीं डालनी चाहिए।बोले-तालीमी इदारों को निशाना न बनाए सरकार-सांसद बोले, आरडीए द्वारा हाई कोर्ट में कैविएट दाखिल करने के सवाल पर कहा कि हमने पता निकाला है कि यूनिवर्सिटी बनने के वक्त आरडीए यहां नहीं था। बाद में आया है। उस दौरान अन्य जो भी विभाग थे, उन सभी की परमीशन ली गई थी। हम अपील करते हैं कि यूनिवर्सिटी को कोई नुकसान न पहुंचाया जाए।यूनिवर्सिटी सपा का ड्रीम प्रोजेक्ट है- यूनिवर्सिटी सपा का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने इस यूनिवर्सिटी की सरपरस्ती की है। आजम खान ने इसके लिए बहुत मेहनत की है। पूरे प्रदेश के हिंदू और मुसलमान इस यूनिवर्सिटी के हमदर्द हैं। यूनिवर्सिटी सबकी होती है। एक



तालीम का मर्कज होती हैं। तालीम के मर्कज को बचाना सरकार की जिम्मेदारी होती है। प्रदेश सरकार का काम यह नहीं है कि इसमें रोड़ा अटकाए। आजम खान के जेल में होने को लेकर कहा कि हम सभी उनकी रिहाई की दुआ करते हैं। उन पर जो मुकदमे लगे हैं, उन पर अदालतों से उन्हें इंसाफ मिलेगा। 2027 चुनाव के लिए कही ये बात- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव को लेकर अवाम और सपा की तैयारी एक है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सामाजिक न्याय के राज की स्थापना का ख्वाब देखा है, वह पूरा होगा। 2027 में सरकार बदलेगी और मौजूदा भ्रष्टाचार खत्म होगा। राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर कहा कि धार्मिक स्थल पर आने वाले चढ़ावे में चोरी करोड़ो लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ है। नीट के पर्चे लीक होना और मंदिरों से चढ़ावा चोरी होना, इस तरह की घटनाओं से लोगों का हुकूमत से विश्वास उठ गया है। सपा नेता आजम का विरोध करते आए हैं मोहिबुल्ला - गौरतलब है कि सपा नेता आजम खान शुरू से ही सांसद मोहिबुल्ला नदवी का विरोध करते आए हैं। नदवी नई दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट मस्जिद के इमाम थे। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान की मर्जी के बगैर नदवी को रामपुर से प्रत्याशी घोषित कर दिया था। सीतापुर जेल में आजम ने मिलने से किया था मना - आजम खान तब सीतापुर जेल में बंद थे। उनके इशारे पर स्थानीय सपाइयों ने नदवी को चुनाव नहीं लड़ाया था। बावजूद इसके वह चुनाव जीत गए थे। सीतापुर जेल से आजम खान के रिहाई के बाद आठ अक्टूबर 2025 को अखिलेश यादव उनसे मिलने रामपुर आए थे। तब अखिलेश यादव के साथ सांसद भी लखनऊ से आ रहे थे, लेकिन आजम खान ने साफ कह दिया था कि अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात के दौरान कोई तीसरा मौजूद नहीं रहेगा। तब सांसद बरेली में अखिलेश यादव से अलग हो गए थे।आजम खान ने दावा किया था कि वह मोहिबुल्लाह नदवी नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते- इसके बाद आजम खान और सांसद के बीच जुबानी जंग तेज हो गई थी। आजम खान ने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि वह मोहिबुल्लाह नदवी नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते। इसके जवाब में सांसद नदवी ने पलटवार करते हुए कहा था कि आजम के न जानने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि रामपुर की जनता उन्हें पहचानती है।नदवी ने तंज कसा था कि जो व्यक्ति अपने शहर के इमाम को नहीं पहचानता, वह उन्हें कैसे जानेगा। नदवी ने आजम खान का नाम लिए बिना यह भी कहा था कि वह किसी से डरने वाले नहीं हैं और शराफत को उनकी कमजोरी न समझा जाए।

# बरेली-सहारनपुर में झमाझम बारिश, लखनऊ में छाए बादल, मौसम विभाग का सभी 75 जिलों में अलर्ट

